E-mail: registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com
☎🖷: 0512-2246610
☎🖷: 0512-2246602

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्राप्त श्रेणी-I विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

पत्रांक–सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / आर0कैम्प0 / 473 / 2025 **दिनांकः 07 / 05 / 2025**

कार्यालय ज्ञाप

शैक्षिक सत्र 2025–26 से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर द्वारा प्रवेश / एडमिशन वेब रजिस्ट्रेशन नम्बर (WRN) समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा जिसके लिये समस्त प्रोग्राम / पाठ्यक्रम समर्थ पोर्टल पर लाइव किये जा चुके है। इस हेतु प्रवेशार्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट "**https://csjmu.ac.in** के होम पेज बने टैब **CSJMU ADMISSION 2025-26 OPEN**" द्वारा वेब रजिस्ट्रेशन करना होगा। नवीन प्रवेश हेतु वेब रजिस्ट्रेशन शुल्क–स्नातक / स्नातकोत्तर (UG/PG) के लिए रू0 300 / – पंजीकरण शुल्क पेमेंट गेट–वे माध्यम से किया जायेगा। एक प्रवेशार्थी एक ही पंजीकरण शुल्क में एक से अधिक प्रोग्राम का चयन कर सकता है एवं एक प्रवेशार्थी विश्वविद्यालय कैम्पस एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों हेतु एक साथ आवेदन कर सकता है। आवेदन (वेब रजिस्ट्रेशन) के पश्चात अभ्यर्थी पंजीकरण आवेदन पत्र का प्रिंट (हार्ड कापी) लेकर विश्वविद्यालय परिसर के संस्थान एवं सम्बद्ध महाविद्यालय जहाँ भी वह प्रवेश चाहता है, में जाकर उस संस्थान / महाविद्यालय में जमा करेगा। सम्बन्धित संस्थान / महाविद्यालय द्वारा मेरिट लिस्ट के आधार पर नियमानुसार उस प्रवेशार्थी का प्रवेश लिया जायेगा।

सम्बन्धित महाविद्यालय अपने स्तर से यह सुनिश्चित करेंगे कि सम्बन्धित पाठ्यक्रम में महाविद्यालय को सत्र 2025–26 में सम्बद्धता प्राप्त है। अन्यथा की दशा में यह सुनिश्चित करना होगा कि महाविद्यारल को सत्र 2024–25 में सम्बद्धता प्राप्त है तथा सत्र 2025–26 की सम्बद्धता हेतु विश्वविद्यालय में ऑनलाइन आवेदन किया गया हो एवं चेक इन से पूर्व सम्बन्धित पाठ्यक्रमों / विषयों में नियमानुसार सत्र 2025–26 हेतु सम्बद्धता प्राप्त हो जायेगी, के उपरान्त ही प्रवेश लिया जाना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की स्थिति में लिये गये प्रवेश मान्य नहीं होंगे तथा इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पूर्व निर्गत पत्र CSJMU / प्रवेश / 03 / 2025 दिनांक 03.05.2025 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

Digitally signed by
ANIL KUMAR YADAV
Date: 07-05-2025
16:28:23

डॉ0(अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य / प्राचार्या,समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर।
2. निदेशक / विभागाध्यक्ष / शिक्षक / प्रभारी, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
3. सहा0 कुलसचिव (प्रवेश), सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. पी.एम.यू. विभाग सी.एस.जे.एम.वि.वि.,कानपुर।
6. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक / वित्त अधिकारी।
8. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव